www.printo.it/pediatric-rheumatology/IN_HI/intro

अंग दर्द सिंड्रोम

के संस्करण 2016

४. एरीथ्रोमीलालजिया

४.१. यह क्या होता है?

इस बीमारी को "ऐरीथरमालजिया" भी कहा जाता है।इसका नाम तीन ग्रीक शब्दों से लिया गया है: एरीथ्रोस: लाल, मेलोस: अंग, व् अलगोस : दर्द।हलकर्नि यह बीमारी अत्यंत दुर्लभ होती है पर यह कुछ परिवारों में पायी जाती है।आमतौर से यह लड़कियों में अधिक देखी जाती है व् लगभग दस वर्ष की आयु के आस पास शुरू होती है।

पावों व् कभी कभी हाथों में, जलन,गर्माहट,लाली व् सूजन आ जाना इस बीमारी के प्रमुख लक्षण होते हैं।यह लक्षण गर्मी में अधिक बढ़ जाते हैं और अंग को ठंडा करने से शांत होते हैं।कुछ बच्चे तो इसलिए बर्फ के ठन्डे पानी से अंग निकलना ही नहीं चाहते।यह बीमारी बहुत विकित होती है।गर्मी व् कठोर परिश्रम से बचाव ही इस तकलीफ को कम कर सकते हैं।

इस तकलीफ को कम करने के लिए चिकित्सक बच्चों को आवश्यकता अनुसार दवाएं देते हैं जैसे एंटी इंफ्लेमेटरी दवाएं,दर्द निवारक दवाएं व् रक्त कोशिकाओं को फ़ैलाने वाली दवाएं जिनसे रक्त संचार व्यवस्थित रहता है।